Workshop on International Zero Waste Day Week
30.03.2024 - 05.04.2024

पुरानी चीजों से उपयोगी वस्तुएं तैयार करने को सजी कार्यशाला

कार्यशाला में शामिल शिक्षक और विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

अंतरराष्ट्रीय जीरो वेस्ट दिवस के मौके पर राजकीय महाविद्यालय पनारसा में भी जीरो वेस्ट सप्ताह मनाया जा रहा है। इसमे प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों में जागरूकता लाने और वेस्ट से उपयोगी वस्तुएं बनाने के लिए चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

चार दिनों की कार्यशाला के उपरांत अगले तीन दिन उन्हीं व्यर्थ चीजों से उपयोगी कलाकृतियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण के सौंदर्यीकरण के लिए प्रयोग में लाया जाएगा। कार्यशाला के समन्वयक और समिति के सदस्यों डॉ. डिंपल जामटा, प्रो. निशा, लाइब्रेरियन बिंदु सूर्यवंशी ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला से जहां एक ओर व्यर्थ की वस्तुओं का पि

समाधान होगा। वहीं, उससे सुंदर कलाकृतियां बनाना सीखकर विद्यार्थी अपने घरों और मोहल्लों में भी एसी जागरूकता फैलाने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने प्रथम चरण में इस कार्यशाला के लिए पेंट के खाली डिब्बे, बाल्टियां, ड्रम, प्लास्टिक की बोतलें, टायर आदि आसपास और घरों से एकत्र करेंगे तत्पश्चात महाविद्यालय प्रांगण का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। प्राचार्य उरसेम लता ने बताया कि कार्यशाला स्नातकोत्तर पेंटिंग के प्रशिक्षक सुरेश सोनी हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के सहयोग से उनकी ही देखरेख में आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर प्रो. चारु अहलूवालिया, प्रो. हीरा सिंह, प्रो. रतन नेगी, प्रो. अनिता तथा प्रो. कृष्ण लाल भी सक्रिय भागीदारी

50 ने सीखी वेस्ट मैटीरियल मैनेजमेंट

मंडी । राजकीय महाविद्यालय पनारसा में छह दिवसीय अंतरराष्ट्रीय जीरो वेस्ट-डे पर आधारित कार्यशाला संपन्न हुई। परिसर सौंदर्य समिति की अध्यक्षा डॉ. डिंपल जामटा ने बताया कि कार्यशाला में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुरानी एवं बेस्ट सामग्रियों को एकत्र किया और उन्हें शानदार गमलों के रूप में परिवर्तित किया। कार्यशाला का समापन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उरसेमलता द्वारा गमलों में पौधे लगाकर किया गया।